# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–15 जून 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अट्ठारह जून के प्रस्तावित वाराणसी दौरे की जोरशोर से चल रही तैयारी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की तैयारियों की समीक्षा।
- कुवैत अग्निकांड में जान गंवाने वाले बयालीस भारतीय में से तीन उत्तर प्रदेश के। आज घर पहुंचाये जायेंगे तीनों के पार्थिव शरीर।
- अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर हमले की धमकी मिलने के बाद बढ़ाई गई सुरक्षा। चौबीस घंटे रखी जा रही पूरे इलाके पर निगरानी।
- नये आपराधिक कानूनों के बारे में पूरी सूचना उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ने जारी किया ऐप। देश में एक जुलाई से प्रभावी होंगे नये कानून।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अट्ठारह जून को प्रस्तावित वाराणसी दौरे की समीक्षा के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल वाराणसी पहुंचे। वाराणसी पहुंच कर उन्होंने सबसे पहले मेहंदीगंज स्थित प्रस्तावित किसान सम्मेलन स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के पहुंचने के पूर्व प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने वाराणसी के मंडलीय सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.........

***प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्र सरकार में तीसरी बार शपथग्रहण करने के पश्चात प्रथम बार अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में आगामी 18 जून को पधार रहे हैं। प्रधानमंत्री सबसे पहले किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे, इसके पश्चात वह काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करने के पश्चात गंगा आरती का भी अवलोकन कर सकते हैं। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रधानमंत्री कार्यक्रम को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने भी जबरदस्त स्वागत करने की तैयारी की है। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल शाम लखनऊ में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने आगामी त्यौहारों को देखते हुए मजबूत कानून व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा के सम्बन्ध में जरूरी निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने कहा कि आगामी सोलह जून को गंगा दशहरा, सत्रह जून को बकरीद, अट्ठारह जून को ज्येष्ठ माह का मंगल का पर्व है और इक्कीस जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन है। वहीं जुलाई में मोहर्रम और कावंड यात्रा जैसे कार्यक्रम होने हैं। ऐसे में शासन प्रशासन को लगातार सक्रिय रहने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि त्योहारों में आस्था का पूरा सम्मान हो लेकिन किसी नई परंपरा को प्रोत्साहन नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि बकरीद पर कहीं भी सड़कों पर नमाज न पढ़ी जाये और कुर्बानी भी तय स्थल पर हो। ऐसी कोई घटना न हो, जिससे दूसरे धर्म के लोगों की भावनाएं आहत हों। उन्होंने कल से बाईस जून तक सभी जिलों में विशेष स्वछता अभियान चलाने के निर्देश भी दिये। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विद्युत कटौती पर रोक लगाने का निर्देश देने के साथ ही कहा कि अधिकारीगण सीयूजी नम्बर पर आने वाली हर कॉल का जवाब जरूर दें।

**********

कुवैत के मंगाफ शहर में बीते बुधवार की सुबह एक बहुमंजिली इमारत में लगी भीषण आग में मृत बयालिस भारतीयों में से तीन की पहचान उत्तर प्रदेश के नागरिकों के रूप में हुई है। यह जानकारी सामने आने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी विदेश मंत्रालय और कुवैत स्थित भारतीय दूतावास के संपर्क में बने हुए हैं। मृतकों में गोरखपुर जिले के गुलरिहा इलाके के भम्मौर गांव के निवासी जयराम गुप्ता, गोरखनाथ इलाके के जटेपुर उत्तरी निवासी अंगद गुप्ता और वाराणसी निवासी प्रवीण माधव सिंह शामिल हैं। हादसे में जान गंवाने वाले प्रदेश के तीनों लोगों के शव आज उनके निवास स्थानों पर पहुंचेंगे।

**********

उत्तर प्रदेश विधान परिषद के तेरह निर्वाचित सदस्यों को कल विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र ने शपथ दिलाई। विधान परिषद की ये सीटें मई में खाली हुई थीं। शपथ लेने वाले सदस्यों में भाजपा के अशोक कटियार, डॉ0 महेन्द्र सिंह, विजय बहादुर पाठक और आशीष पटेल, मोहित बेनीवाल, धर्मेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, राष्ट्रीय लोकदल के योगेश चौधरी, अपना दल सोनेलाल के आशीष पटेल और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विच्छेलाल राम समेत सपा के शाह आलम, किरण पाल कश्यप और बलराम यादव शामिल रहे।

**********

आतंकी संगठन की ओर से अयोध्या के श्रीराम मंदिर को उड़ाने की धमकी मिलने के बाद श्री राम जन्मभूमि क्षेत्र समेत अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट की सुरक्षा भी बढ़ायी गयी है। एसएसपी राज करण नय्यर ने कल महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने आतंकी संगठन की धमकी पर सीधे तौर पर टिप्पणी नहीं की, लेकिन उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम की सुरक्षा व्यवस्था को अलग–अलग क्षेत्रों में बांटा गया है। सुरक्षाकर्मियों को अलग–अलग जोन में तैनात करने के अलावा वरिष्ठ राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में टीमें गठित की गई हैं।

**********

देश में नये आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू हो जायेंगे। इसके तहत भारतीय न्याय संहिता 2023 में स्नैचिंग के संबंध में कई दंडों का प्रावधान किया गया है। धारा तीन सौ चार में स्नैचिंग को एक अलग अपराध के रूप में चिन्हित किया गया है, जिसमें तीन साल तक की कैद और जुर्माना निर्धारित है। अदालत मामले की गंभीरता, अपराधी के पिछले रिकॉर्ड और अन्य कारकों के आधार पर अवधि और जुर्माने की राशि निर्धारित करती है। अगर यह किसी समूह या गिरोह द्वारा किया जाता है, तो यह छोटे संगठित अपराध के अन्तर्गत भी आता है। स्नैचिंग में धमकियों या शारीरिक नुकसान की अनुपस्थिति के कारण आईपीसी के तहत स्नैचिंग में आमतौर पर डकैती की तुलना में कम सजा होती है। भारतीय न्याय संहिता में चोरी में सहमति के बिना चल सम्पत्ति लेना शामिल है, लेकिन जरूरी नहीं कि बल प्रयोग किया जाये। इसके अलावा छीनाझपटी होने पर पीड़ित अक्सर संपत्ति के नुकसान के अलावा शारीरिक और भावनात्मक आघात भी झेलते हैं। इस बात को कानून में स्थान दिया गया है। साथ ही जिन मोबाइल फोन में संवेदनशील व्यक्तिगत डाटा, वित्तीय जानकारी और पासवर्ड होते हैं, उन्हें अलग से छीनने के कृत्य को अपराध बनाकर संरक्षित किया गया है।

**********

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ने नये आपराधिक कानूनों के बारे में पूरी सूचना उपलब्ध कराने के लिए एक मोबाइल ऐप एनसीआरबी संकल्न ऑफ क्रिमिनल लॉ जारी किया है। इस ऐप में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिंता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में जानकारी दी गयी है। यह ऑफलाइन भी काम करेगा। यह ऐप गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर पर उपलब्ध है।

**********

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कल नीट मुद्दे पर सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने नीट परीक्षा में घोटाले का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी–एनटीए का दुरुपयोग किया है और अंकों और रैंक में बड़े पैमाने पर धांधली की है। एक ट्वीट में श्री खरगे ने सरकार की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार ने चौबीस लाख युवाओं की आकांक्षाओं को कुचल दिया है।

**********

भारतीय जनता पार्टी ने हालिया लोकसभा चुनाव में हुए प्रदर्शन को लेकर चिंतन और विचार विमर्श शुरू कर दिया है। कल लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रदेशभर के पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि जिन सीटों पर पार्टी को हार मिली है, वहां किन कारणों से ऐसा हुआ इसकी पड़ताल के लिये टीम गठित होगी और उस टीम की रिपोर्ट के आधार पर पार्टी अपनी रणनीति तय करेगी।

**********

आगामी इक्कीस जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य तरीके से मनाने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं। इसी क्रम में आज से इक्कीस जून तक पूरे प्रदेश में योग सप्ताह के कार्यक्रमों का शुभारंभ होगा। वाराणसी में इन्डो अमेरिकन चैम्बर ऑफ कॉमर्स की तरफ से कल आयोजित एक सेमिनार में प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने योग की महत्ता पर विस्तार से जानकारी दी। उधर जौनपुर में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने बैठक कर योग सप्ताह के कार्यक्रमों की समीक्षा की। कुशीनगर में कल पीके महाविद्यालय फाजिलनगर में विद्यार्थियों ने योग करने की शपथ ली। गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में आज से सात दिवसीय योग शिविर का शुभारम्भ होगा।

**********

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने प्रदेश में आज से दो दिन के लिये लू का रेड अलर्ट जारी किया है। बीते चौबीस घंटों में कई जनपदों में अधिकतम तापमान चौवालीस डिग्री सेल्सियस के ऊपर दर्ज किया गया। सबसे अधिक छियालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस तापमान कानपुर में रिकॉर्ड किया गया। प्रदेश के सभी मंडलों में तापमान सामान्य औसत से तीन से छह डिग्री सेल्सियस अधिक बना हुआ है।

**********